भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
केन्द्रीय जल आयोग

कुश्विन्दर वोहरा
अध्यक्ष, केंद्रीय जल आयोग

सेवा भवन, आर.के. पुरम,
नई दिल्ली
दिनांक: 13 सितम्बर, 2023

# अपील

प्रिय साथियों,

हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर आप सबको मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

हिंदी भाषा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान तथा जनमानस की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। यह हमारी संस्कृति का दर्पण है। हिंदी की इस महत्ता को ध्यान में रखते हुए भारत की संविधान सभा द्वारा 14 सितम्बर, 1949 को हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। इसलिए 14 सितम्बर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिंदी विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में शामिल है। यह सरल, समृद्ध एवं सशक्त भाषा है। यह भारत की राष्ट्रीय तथा सांस्कृतिक विरासत की महत्वपूर्ण कड़ी है।

केंद्रीय जल आयोग राजभाषा हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है तथा आयोग में हिंदी के सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु सभी उपाय किए जा रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के युग में हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार संभव हो सका है और आज विभिन्न क्षेत्रों में हिंदी का प्रयोग अभूतपूर्व रूप से बढ़ा है। केंद्रीय जल आयोग में ई-ऑफिस और ई-मेल के माध्यम से हिंदी कार्यान्वयन में व्यापक प्रगति हुई है। राजभाषा हिंदी के सफल क्रियान्वयन हेतु हिंदी प्रशिक्षण, हिंदी कार्यशाला तथा राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं। आयोग में हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए राजभाषा विभाग द्वारा सुझाए गए सभी कार्यक्रमों एवं योजनाओं का समुचित अनुपालन किया जा रहा है।

केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) एवं सभी क्षेत्रीय/अधीनस्थ कार्यालयों के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से मैं अपील करता हूं कि वे अपने समस्त सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें तथा राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को निश्चित रूप से प्राप्त करें। हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित की जाने वाली सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेकर राजभाषा हिंदी के प्रति अपनी श्रद्धा और प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए आयोग में हिंदी पखवाड़ा को सफल बनाएं तथा इस उत्साह को पूरे वर्ष बनाए रखें ताकि आयोग में राजभाषा हिंदी का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

"जय हिंद ।
जय हिंदी ।।"

(कुश्विन्दर वोहरा)